समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पाकिस्तान को ड्रोन देने वाले तुर्किए को अपनी ही सरजमीं से सिर्फ 6 मिनट मे तंबाह कर देगी भारत की ये खौफनाक मिसाइल।

Publisher
Published on 14 May 2025



## भारत के पास कई ऐसी घातक मिसाइल है जो कि दुश्मन देश मे पंल भर मे तंबाही मचा सकती है. अगर तुर्किए की बात करे तो वह भी भारत के आगे नहीं टिक सकता है.

भारत और पाकिस्तान के तनाव में तुर्किए भी कूद पड़ा. पाक ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद आक्रामक रुख अपनाते हुए भारत के कई शहरों पर हमले की कोशिश की. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में इस्तेमाल हुए ड्रोन तुर्किए से आए थे. तुर्किए ने बुधवार को पाकिस्तान का साथ देने की भी बात कही. अगर तुर्किए की भारत से जंग हुई तो वह दो दिन भी टिक नहीं पाएगा. भारत के पास एक ऐसी खतरनाक मिसाइल है जो तुर्किए को पल भर में तबाह कर सकती है.

अगर हम दोनों देशों की सेनाओं की तुलना करें तो तुर्किए काफी पीछे है. भारत की वायुसेना भी काफी ज्यादा घातक है. भारत के पास 2229 एयरक्राफ्ट हैं. वहीं तुर्किए के पास 1083 एयरक्राफ्ट हैं. अगर फाइटर एयरक्राफ्ट की बात करें तो इसमें भी भारत आगे है. उसके पास 513 फाइटर एयरक्राफ्ट हैं, जबकि तुर्किए के पास 201 एयरक्राफ्ट हैं. भारत के पास ब्रम्होस और अग्नि जैसी घातक मिसाइलें भी हैं.

अगर भारत ने अग्नि का किया इस्तेमाल तो कुछ ही मिनटों में तबाह होगा तुर्किए
भारत और तुर्किए के बीच हवाई दूरी 4565 किलोमीटर है. अगर भारत अपनी ही जमीन से हमला करना चाहे तो अग्नि V मिसाइल सबसे अच्छा विकल्प होगी. अग्नि V मिसाइल की रेंज 5000 से 8000 किलोमीटर है. यह करीब 29400 किलोमीटर प्रतिघंटे की

रफ्तार से सफर तय करती है. लिहाजा तुर्किए कुछ ही मिनटों में तबाह हो जाएगा. अग्नि V डीआरडीओ ने विकसित की है और यह भारत की सबसे लंबी दूरी की मिसाइल है. खास बात यह भी है कि यह 1000 किलोग्राम तक परमाणु वॉरहेड ले जाने में सक्षम है.

### ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

ब्रह्मोस की 450 से 600 किलोमीटर तक की रेंज है. यह मिसाइल जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से लॉन्च हो सकती है. इस मिसाइल को सुखोई-30 और नौसेना के जहाजों पर तैनात किया गया है. यह मिसाइल भारत और रूस ने मिलकर बनाई है. अगर भारत तुर्किए के खिलाफ इस मिसाइल का इस्तेमाल करना चाहेगा तो उसे दूरी कम करने के लिए किसी और देश का सहारा लेना होगा, क्यों कि ब्रह्मोस की रेंज 600 किलोमीटर तक ही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.